इसी बीच पेप्सू के नाभा व भटिण्डा क्षेत्र में समाज-द्रोही व अपराधी तत्वों ने उत्पात मचाया जिसके कारण शीघ्र ही सी० आर० पी० की दो कम्पनियाँ वहाँ भेजनी पड़ीं। पहुँचने के थोड़े ही समय बाद १६५४ में फोर्स ने श्री महासिंह की कमान में भटिण्डा के किशनगढ़ गाँव में करतारा व गज्जनसिंह नाम के दो डाकुओं को मार गिराया और इलाके में पूर्ववत शान्ति स्थापित की। दूसरी कम्पनी नाभा में श्री सी० एस० दीक्षित की कमान में कार्य करते हुए काफी साहस व सुन्दर कार्य का परिचय दिया जब कि जंगा जो कि पेप्सू का भूपत कहलाता था अपने साथी चाँद के साथ मारा गया। जंगा अकेले की गिरफ्तारी का जो रु० ८०००) का पुरस्कार घोषित था उसमें से रु० ४४४५) की धनराशी राजप्रमुख द्वारा फोर्स के सदस्यों को प्रदान की गई। इन मुठभेड़ों में सर्व श्री कुन्दनसिंह व बचनसिंह को प्रेसीडेन्ट पुलिस व फायर सर्विस मेडल व सूबेदार गनपतराम को पुलिस मेडल साहसिक कार्य हेतु प्राप्त हुए।

## चम्बल घाटी में

डाकू-विरोधी अभियान को ऐसी सफलता स्वरूप ही फोर्स की चार कम्पनियों को १६५४-५५ में चम्बल घाटी की ओर जाना पड़ा जहाँ मानसिंह व उसके लड़के सूबेदारसिंह व साथी अमीलाल ने तहलका मचा रखा था। धोलपुर से आगरा-ग्वालियर व सम्पूर्ण भिण्ड-मुरैना में इनका भय व्याप्त था। यू० पी०, मध्यप्रदेश आदि पुलिस के साथ सी० आर० पी० भी संयुक्त कमान में इनके विरुद्ध कार्य क्षेत्र में बढ़ी व लच्छी दल के छोटा राजा, उत्तम, हुकमसिंह व पहाड़ा दल के विलास, बोहरा आदि डाकू खेत हुए। फोर्स ने मानसिंह से

भी आखिर २८ अगस्त १९५५ में ऐसी भयंकर मुठभेड़ की कि जिसमें मानसिंह को अपने दो साथी खोने पड़े व भारत का राबिनहुड कहलाने वाला मानसिंह दुम दबा अन्त में पुलिस की संयुक्त कमान में एम० पी० दस्ते की मुठभेड़ में शिकार बना । पुरस्कार रूप में पुलिस ने प्रशंसाओं व नकद धनराशी प्राप्त की । मुख्य मंत्री मध्य भारत ने सी० आर० पी० की सेवाओं को सराहते हुए एक चाँदी की ट्राफी प्रदान की ।

## महाराष्ट्र में राज्य पुनर्गठन संकट

भारत के राबिनहूड का सफाया होते ही अप्रेल १९५६ में फोर्स की ६ कम्पनियों को कानून व्यवस्था व शान्ति बनाये रखने के लिये बम्बई जाना पड़ा जहाँ संयुक्त महाराष्ट्र मोर्चे ने ने काफी डर फैला रखा था । जिस उत्साह से सी० आर० पी० ने वहाँ प्रयाण किया वह बहुत सन्तोष जनक रहा । उपद्रवी भीड़ पर नियन्त्रण के बाद फोर्स को वहाँ भयंकर संकट. के बीच महत्वपूर्ण स्थानों की चौकसी का भार भी मिला जिसको इसने भली प्रकार पूर्ण किया व स्थानीय पुलिस को उसके कार्य में बहुत सहयोग प्रदान किया । नगर की जनता सुख की श्वास लेते हुए आज भी फोर्स को प्रातः व संध्या दोनों समय क्रमशः बन्दे मातरम् व जन-गण-मन गाते हुए देखकर याद करती है । यह एक राष्ट्रीयता की वस्तु है ।

तभी अप्रैल १९५६ में तृतीय बटालियन की स्वीकृति मिली, और उसी समय से सी० आर० पी० के नियमों ने १९५५ में अन्तिम रूप स्वीकृति प्राप्त की जिसके अन्तर्गत अब तीनों बटालियनों की अपनी-अपनी कमान बनी व जो भी उपलब्ध साधन थे वे तीनों में बँटकर अब तीनों फोर्स अपने आप में प्रभावशील होने की ओर बढ़ीं । भर्ती के लिये देश के सभी राज्यों से व्यक्तियों की अपेक्षा की व आर्मी तथा राज्यों की पुलिस से अधिकारियों की माँग की गई ।

और इस प्रकार सी० आर० पी० ने अपने कर्त्तव्य की व्यवस्थित रूप रेखा तैयार कर ध्येय के विस्तृत मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है, जहाँ राष्ट्रीय सेना की वास्तविकता को हृदयंगम कर सीमा सुरक्षा व देश के किसी भी राज्य में आन्तरिक व्यवस्था व शान्ति बनाये रखना ही इसका जीवन बन गया है ।

---

राष्ट्र को उन्नत देखने के लिये हमारा यह कर्त्तव्य है कि हम अपने वचन के अनुकूल आचरण कर अपनी समस्या को समझदारी, सदभाव व दृढ़ संकल्प के साथ सुलझाते हुए किसी भी तनाव, उत्तेजना व द्वेष भरे वातावरण को न पनपने दें —यही हमारे स्वाभिमान की वस्तु है।

—डॉ० राधाकृष्णन

# ❀ कफन को बाँधे हुए ❀

'आज तैयार रहो मुल्क पे मरने वालों
कफन को बाँधे हुए, मौत की चाह लिये,

आज हुंकार उठा है देश की दुश्मन आया
दिखाता आँख वही जिसको गले लिपटाया।
समझके दोस्त कभी जिसकी की मदद हमने
सर फिरा आज अपनी मौत को बुला लाया।
कह दे कोई उसे कुछ ढंग अक्ल के करले
कौन है दोस्त व दुश्मन ये फैसला करले।
वरना डूबेगा, कोई नहीं बचायेगा
किये की खुद सज़ा वो एक दिन पा जायेगा।
बड़े कुर्बानियों की हम मशाल साथ लिये
कफन को बाँधे हुए ! मौत की चाह लिये !!

देश की आन रहे पर हथेली जान रहे
रहे भले न जिस्म कौम की मगर शान रहे।
नहीं है वक्त अब बेकार खत-खिताबत का
लगे अब खून का तिलक तकाज़ा इज्ज़त का।
आज आराम, अमन चैन का सामान न हो
इस ज़मीन पर अब चीनी बेईमान न हो।
आज है एक इरादा के हम मर जायेंगे
सब दिलों में शोले जोश के भर जायेंगे।
तराना एक यही ज़िन्दगी मरने के लिये
कफन को बाँधे हुए ! मौत की चाह लिये ॥

—श्री 'श्याम'

कहानी—

# आँखों की थाह

—'मधुवन'

आसमान की ऊँचाई और समन्दर की सतह की नीचाई का ठीक ठीक माप किया जा सकता है किन्तु किसी की आँखों में क्या है, कितना गहरा या उथला है इसका अनुमान करने पर वास्तविकता का पता चल जाय यह संभव नहीं।

आँखों की कल्पना करते समय मेरे सामने ढेर सी आँखें आ गई हैं। बड़ी-बड़ी, तिरछी कटीली, मृगनैनी, कमल की पाँख जैसी और मिच-मिची उल्लू अथवा कबरबिज्जू जैसी भी। इन हजारों अलग अलग व्यक्तियों की आँखों को लाँघती हुई मेरी आँखें केवल नीरू की आँखों पर ठहर गई हैं। उस नीरू की जिसे अब देखना संभव नहीं है लेकिन दिल के अधिक नजदीक जिसे हमेशा देखता रहा हूँ। उसकी स्वच्छ आसमान जैसी नीली आँखों में किस समय क्या भाव, कितना गहरा-उथला था इसे आँकने में मैं हमेशा गड़-बड़ा गया हूँ।

नीरू उर्फ निर्मल और मैं एक परिवार में उसी तरह साथ साथ हँस खेल कर बड़े हुए थे जैसे गमलों के दो पौधे जो महीने, दो महीने के फर्क से लगाये गये हों। वह मुझ से कोई दो वर्ष छोटी रही होगी। बचपन की कई स्मृतियाँ हृदय में आज भी ताजा हैं। ताजा फूलों की तरह जिन में महक भी है। प्रफुल्लता भी है और सौरभ भी है।

चाचा के मरने के बाद जिस दिन पिताजी अनाथ नीरू को लेकर हमारे यहाँ आये तब वह केवल दस-ग्यारह की रही होगी। आते ही सबसे पहले मैं मिला था। उस अपने ही किन्तु अजनबी मकान में प्रवेश करते समय नीरू की आँखों में जाने क्या था कि मुझे लगा शायद मजबूरी ही उसे खींच लाई है यहाँ।

नीरू! यह तेरा प्रकाश भाई है-पिताजी ने कहा था और उस समझदार गुड़िया जैसी लड़की ने मुस्कराकर दोनों हाथ मेरी ओर करके नमस्ते किया था। फिलहाल तुम प्रकाश के कमरे में ही रहोगी माँ ने कहा था और तब मैंने चाव से अपनी एक आलमारी उसके लिये खाली कर दी थी।

घर में केवल माँ को उसका आना अच्छा नहीं लगा था यह मैं आज भी दावे के साथ कह सकता हूँ मेरे चाचा ने वंश परम्परा को तोड़-कर अन्तर्जातीय और अन्तर्प्रान्तीय विवाह किया था जिससे परिवार से उनका विच्छेद हो गया था। यही उनकी नाराजी थी।

देश के विभाजन ने नीरू से माँ छीन ली थी और उसके पिता ने शरणार्थी केम्प में अपनी वसीयत नीरू के नाम छोड़ते हुए केम्प अधिकारियों को मेरे पिता की संरक्षता में भेज देने का निवेदन करके प्राण त्यागे थे। इन सब के बाद भी पिताजी ने चाचा को क्षमा करके नीरू का उत्तरदायित्व सम्भाल लिया था लेकिन माँ शायद नहीं कर सकी।

कभी कभी माँ की व्यंगोक्तियों से आकुल वह सूनी सूनी आँखों से रजाई ओढ़े बड़ी रात तक न जाने क्या सोचती रहती थी जिसे समझ पाने की किस कवि अथवा कहानीकार की लेखनी में क्षमता है ? भरे-पूरे सम्पन्न परिवार में भी वह उपेक्षिता सी थी "नीरू ! तुम सोई नहीं। शायद माँ ने आज फिर तुम्हें कुछ कहा है" - कभी मैं पूछता !!

'नहीं तो ! नींद ही निगोड़ी रूठ गई है'- वह मुस्कराने का प्रयास करते हुए कहती और उसकी आँखों से दो गरम जल धारायें स्निग्ध गालों के ढाल पर लुढ़क पड़तीं। मैं उसे समझाता अपनी लड़कपन की योग्यता के आधार पर । फिर हम बड़ी देर तक औंधी-सौंधी बातें करते और सो जाते ।

जब स्कूल की पढ़ाई समाप्त होने पर मुझे कॉलेज भेजा जाने लगा तब बिदाई के पहले की वह रात मुझे आज तक याद है । वह बड़ी रात तक मुझसे उलझी रही । सप्ताह में एक पत्र का वादा कराया और जब सुबह जाने लगा तो उसकी आँखों से कुछ ऐसाही प्रतीत होता था जैसे मैं बड़े जान से सम्हाल कर बचाया गया सिक्का होऊँ और वह भी आज उसके हाथों से छीना जा रहा हो ।

पत्र बराबर आते जाते रहे किन्तु किसी पत्र में भी उसने कोई शिकायत नहीं की । हमेशा लिखती थी-माँ मुझे बहुत चाहने लगी है । तुम पढ़ाई में पूरा पूरा ध्यान रखना । कभी लिखती मुझे बुखार आने लगा था किन्तु अब बिल्कुल ठीक हूँ । तुम्हारे लिये राखी भेज रही हूँ आदि, लेकिन पत्र पढ़ते पढ़ते भी उसकी आँखें बरबस मेरे सामने आ जातीं जिन में न जाने कितने युगों की व्यथा थी, जो न जाने कब से अपेक्षित थीं, परन्तु न उन्हें किसी से शिकायत थी न शिकवा । पढ़ाई के पहले दो बरस तो दो-तीन-चार छुट्टियों में घर गया भी लेकिन-आखरी बार जब पूरे दो बरस बाद पहुँचा तो कुछ मोटा हो गया था । सप्ताह में दो बार शेव की आदत पड़ गई थी । इस बार जब नीरू को देखा तो देखता ही रह गया । वह भी बड़ी आँख जैसी लगती थी । उसकी आँखों में ढेर सी शरम और झिझक घुस गई थी । उसने मिडिल करके एक बरस पहले ही पढ़ना छोड़ दिया था और अब घर के काम में माँ का हाथ बटाने लगी थी ।

एक दिन जब क्लब से लौटा तो बड़ी चहल-पहल दिखाई दी । पता लगा मेहमान आ रहे हैं नीरू को देखने । माँ ने सब कुछ बता दिया । कुछ भी दुराव नहीं रखा । लड़का बम्बई में पढ़ रहा है । उसके पिता सजातीय होते हुए भी सुधार-वादी हैं और फिर तुम्हारे पिता के पुराने परिचित हैं ।

रात को वे लोग भी आ ही गये । लड़का साथ में था और आश्चर्य तो यह था कि वह मेरे साथ ही इलाहाबाद में पढ़ चुका था । मेरी आँखें बरबस छलक पड़ीं-काश ! नीरू की शादी यदि सुबोध से पक्की हो गई तो सचमुच वह अधिक सुखी रह सकेगी । मैंने सुबोध को सब कुछ बता दिया । यह भी कह दिया कि तुम एक बार भी उसे देख लोगे तो कभी रिजेक्ट नहीं करोगे । वह है ही ऐसी । साथ ही यदि शादी के बाद तुमने उसे कभी थोड़ी सी भी तकलीफ दी तो मैं तुम्हारा गला घोंट दूँगा-सुनकर सुबोध काँपा नहीं वरन् हँस दिया ।

शादी तय हो गई और एकदिन नीरू हमारे घर से नाता तोड़कर चली गई किसी दूसरे घर जहाँ हर लड़की को एक दिन जाना पड़ता है । बिदा के दिन उसकी आँखों से आँसुओं के तार टूटते ही नहीं थे । पिताजी गुमसुम थे और माँ भी आँचल से आँखें पोंछ रहीं थीं । और वह घर में से अपना अस्तित्व समेट कर चुपचाप

चली गई। उस एक दिन की पहचान वाले अपने सुबोध के साथ सदा सदा के लिये।

इस घटना को भी दो वर्ष होने आये। वैसे दो वर्ष होते ही कितने हैं। बात की बात में युग बीत जाते हैं किन्तु नीरू के लिये ये दो वर्ष मनुष्य के आदि काल से प्रलय काल तक का महत्व रखते हैं।

एक दिन अचानक मेरे नाम नीरू का तार आया- 'फोरन आओ' और जब मैं बम्बई पहुँचा तो सब समाप्त हो चुका था। चीन विरोधी नेफा मुक्ति अभियान में सुबोध ने भाग लिया था और चीनी लुटेरों की एक गोली ने उसे भी आहत कर दिया था। बम्बई के जे० जे० अस्पताल में आखरी सांसें गिन रहा था और घबराई हुई नीरू उसके पैताने चिन्तित बैठी थी। मुझे देखते ही उसकी आँखें बरस पड़ीं। परन्तु मौत को फेर देना तो मेरे हाथ में नहीं था।

'यह क्या हो गया नीरू!' मैंने व्याकुलता से पूछा था। वह होठों पर उंगली रखते हुए बुदबुदायी-"कुछ नहीं, इनकी मृत्यु पर मुझे तनिक भी अफसोस नहीं होगा। ऐसी मौत बिरलों को ही मिलती है प्रकाश भैय्या।" और मैंने आश्चर्य से देखा उन लुटी-लुटी आँखों में क्या कुछ नहीं था। पत्थर को पिघला देने वाली करूणा, ऐसा विषाद जिसे देखकर आसमान की छाती फट जाय। ऐसी शान्ति जो मरने वालों को भी नसीब नहीं होती होगी और फिर भी गर्व का भाव जिस पर नीरू जैसी चिर दुखिनी ही अभिमान से संयमित रह सकती थी।

आखिर सुबोध ने दम तोड़ ही दिया। और उसके साथ वह भी संयत नहीं रह सकी। वह गिर पड़ी। उसकी हृदय गति बंद हो गई परन्तु उसकी खुली आँखों में वही सब ज्यों का त्यों था जो अथाह था।

---

'उत्तेजना और आवेश में आकर लोग पागलपन का काम शुरू कर देते हैं। वे बिना किसी आधार के अन्धे बनकर किसी अनजाने भविष्य की ओर बढ़ घोर संकट में पड़ जाते हैं। इसलिये यह आवश्यक है कि हम शान्ति के साथ अपना मानसिक संतुलन बनाये हुए, किसी समस्या का संतोषजनक हल निकालने के लिये प्रयत्न शील हों।'

—'म० गाँधी'

# ❋ मैं जलाये दीप ❋

गीत-

मैं जलाये दीप चलता जा रहा हूँ
आज मन का बैर त्यागो
देश संकट में है जागो
यही नारा – जग हमारा
प्रेम की एक धुन रमाता जा रहा हूँ
मैं जलाये दीप चलता जा रहा हूँ

शक्ति तो विश्वास में है
हृदय की दृढ़ आस में है
दुःख का अन्धेरा हरने
त्याग का आलोक भरता जा रहा हूँ
मैं जलाये दीप चलता जा रहा हूँ

–श्री कुशलचन्द्र

एक व्यक्ति:- आपका कुत्ता तो डरपोक है । आदमी को देखते ही दुम दबाकर घर में जा घुसता है ।

दूसरा व्यक्ति:- इसी से तो मुझे पता चल जाता है कि कोई आदमी आया है !

# सूनी माँग

लेखिका:- पुष्पा मेहरा

"जिस की माँग रह गयी सूनी, जहर है उसका जीना"..............

फिल्म 'राजहठ' का ही तो था यह गीत ! जब फिल्म की नायिका की सगाई दोनों पक्षों के पिताओं की आपसी शत्रुता के कारण वर पक्ष की ओर से अस्वीकृत कर दी जाती है । उसी समय नायिका के मुख से यह दुःख भरे किन्तु सत्य शब्द गीत रूप में फूट पड़े थे ।

सोच रही थी नलिनी उन शब्दों की यर्थाथता पर और सिहरन सी दौड़ गयी उसके सारे शरीर में मन ही मन वह बुदबुदायी "क्या सचमुच नारी का अविवाहित जीवन अभिशाप है ? पर क्यों ?" इसी उधेड़ बुन में उलझी थी नलिनी कि यकायक उसे अपने पड़ौस की मीना का ध्यान आया जो ३५ वर्ष की आयु में भी अविवाहिता थी परन्तु उसके जीवन में तो कोई दुःख नहीं है । भोली नलिनी को गीत के इन शब्दों की सत्यता पर कुछ शंका हुयी और तब ही उसे अपनी माँ की आवाज आयी । माँ पिताजी से कह रही थी:-

"तुम्हें तो कुछ चिन्ता ही नहीं है लड़की मुँह पर आयी जा रही है कहीं लड़का देखने क्यों नहीं जाते ।"

पिताजी जो उच्च शिक्षा के समर्थक थे कह रहे थे "तुम तो नलिनी की माँ रही गँवार ही । अरे ! आज कल पढ़ाई का जमाना है अभी तो बीस वर्ष की ही है और बी० ए० में ही तो पढ़ रही है । पर तुम्हें तो शादी के अतिरिक्त कुछ सूझता ही नहीं । कम से कम एम० ए० तो हो जाये मेरी बेटी तब कहीं विवाह की बात सोचूँगा ।" और पिताजी की यह बात सुन कर माँ तो आग बबूला हो गयी । इधर नलिनी ने पिता के मुख से अपने पक्ष के शब्द सुने तो वह फिर वहाँ से दूर संगीत के शब्दों के आस-पास घूमने लगी पर इतना अब भी सुनाई दे रहा था "देखना बेटी की सूनी माँग ही रह जायेगी । पढ़ाई की यह रट कहीं उसे अभागिन न बना दे । मैं कहती हूँ गिरीशजी के घर क्यों नहीं जाते उनका लड़का एम० ए० में पढ़ रहा है, नलिनी का देखा भाला भी है । मैं सोचती हूँ गिरीशजी को कोई एतराज भी नहीं होगा ।"

पिताजी 'अच्छा' कह कर चल दिये सैर करने और भाग्यवश अथवा अभाग्यवश मार्ग में ही मिल गये गिरीशजी । नगर के धनी-मानी व प्रतिष्ठित व्यक्ति । जिनके सामने बड़े२ सिर झुकते थे फिर बेचारी नलिनी के पिता रामबाबू की क्या औकात थी । रामबाबू को पत्नि की बात याद आ गयी । मन में कुछ झिझक भी हुयी "कैसे कहूँ इस लक्ष्मी-पति से अपनी नलिनी को अपनाने की बात" पर लड़की के पिता थे और वह भी उस समाज के जहाँ लड़की बोझ समझी जाती है । आखिर आगे बढ़े झुक कर प्रणाम किया और कुशल समाचार के बाद हिचकते से बोले "गिरीश बाबू एक प्रार्थना है आशा है निराश नहीं करोगे ।"

"हाँ२ भाई कहो न किस चीज की जरूरत

है क्या आज कल हाथ तंग हो गया है ।"

वकील रामबाबू को क्रोध तो इतना आया कि कह दें "जा २ अभी तो इतनी शक्ति है कि तुम्झ जैसों को गिरवी रखलूँ" पर पत्नि का चेहरा याद आ गया बोले, 'नहीं भैय्या ईश्वर की कृपा ऐसी तो कोई बात नहीं है। मैं अपनी नलिनी को आपके घर की दासी बनाना चाहता हूँ। आपने देखी तो होगी ही बी० ए० में पढ़ रही है अपने राजेश के साथ।"

"अच्छा २ विचार तो बुरा नहीं है। हाँ तो बेटी नलिनी देखने में तो ठीक होगी ही ?" गिरीश जी ने पहला प्रश्न किया ।

"हाँ भाई साहब मेरे लिये तो अच्छी ही ही नहीं बहुत अच्छी है। भला किसी को अपने बेटा-बेटी भी कुरूप लगे हैं !"

"और अतिरिक्त विशेषतायें तो आजकल की लड़कियों में होती है और मैं सोचता हूँ कि नलिनी भी उनसे अछूती नहीं रही होगी" ये था "लक्ष्मीपति" का दूसरा प्रश्न ।

प्रश्न द्विअर्थी था जिससे पहले तो राम बाबू कुछ चौंके पर तुरन्त ही उनकी समझ में आ गया और बोले:-

"वैसे तो बेटी नलिनी कालेज के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेती है। एन. सी. सी. में भी है, नृत्य-कला, संगीत-कला में भी चतुर है तथा कालेज की विभिन्न समितिओं की एक मान्य सदस्या के रूप में उसका नाम है। फिर आपको तो यह सब मुझसे पूछना ही नहीं चाहिये स्वयं राजेश बेटा ही बता देगा कि नलिनी कैसी लड़की है।"

गिरीशजी आगामी रविवार को घर आ कर लड़की देखने का आश्वासन दे रामबाबू से विदा हुए रामबाबू मन में प्रसन्न हो रहे थे कि चलो कुछ आशा तो हुयी। नलिनी की माँ रोज मुझसे झगड़ा किया करती थी आज सुनेगी तो खुश हो जायेगी। यही सब सोचते२ घर पहुँचे और पत्नि को सारी कथा कह सुनाई। माता भी प्रसन्न हुयी कि चलो आज क्रोधित होने से मेरी बेटी का भाग्य तो खुला। इतने में नलिनी अपने ही विचारों में खोयी आयी और माता भावावेश में बेटी को छाती से चिपटा उसका मुख चूमने लगी "बेटी अब तुझे देखकर मुझे वास्तविक प्रसन्नता हो रही है। ईश्वर करे तू जहाँ भी जाये सुखी रहे।"

और इधर नलिनी सोच रही थी कि आज माँ को हो क्या गया है। वह पूछ ही बैठी, "माँ क्या बात है मैं कहाँ जा रही हूँ ? और फिर आज मैं तुम्हारी प्रसन्नता का करण कैसे बनी ? मुझमें ऐसी क्या विशेषता आ गयी ?"

बेटी के इन भोले प्रश्नों को सुनकर माँ खिल उठी और उसके माथे को चूम कर बोली, "मेरी बेटी उस घर की बहू बनने जा रही है जो नगर में सबसे अधिक धनी-मानी माना जाता है। अब मैं सुख की साँस ले सकूँगी।"

"माँ तुम क्या कह रही हो मैं विवाह अभी नहीं करूँगी अभी तो मैं पढ़ ही रही हूँ फिर तुम्हें क्या मैं भारी पड़ रही हूँ।" कह कर नलिनि सुबक पड़ी कि माँ ने झिड़कना शुरू किया -

"चल पगली ! कहीं लड़कियाँ भी भारी पड़ी हैं पर तू सूनी माँग भी तो नहीं रह सकती। हमें समाज में रहना है जहाँ लड़की की सूनी माँग कलंक के समान समझी जाती है।"

नलिनी सिहर उठी इन शब्दों से और सूनी माँग ...... कलंक ............समाज...... कहती भागती, आँसु गिराती कमरे में पलंग पर जा पड़ी।

## दो दिन पश्चात–

आज रबिवार है। माँ सुबह से ही घर की सफाई करने को बार २ आदेश दे रही है। बेचारी नलिनी दो दिन पहले की बात प्रायः भूल ही चुकी है और सरल स्वभाव से माँ की आज्ञा पालन करते२ माँ से पूछ ही बैठती है–

"माँ आज क्या कोई मेहमान आने वाला है जो इतनी सफाई करा रही हो, फिर अपना घर कौन सा गन्दा रहता है जो आज ही उसे इतना सजाने की आवश्यकता आ पड़ी है।"

माँ मुस्करा भर देती है तथा नलिनी उत्तर न पा पुनः अपने कार्य में रत हो जाती है। सबकुछ कर लेने के पश्चात् जैसे ही वह चैन की साँस लेती है कि दरवाजे की घन्टी बजती है और माँ "आ गये" कह कर पति को आवाज देती है गिरीश-जी नलिनी को बुलवाते हैं, व नलिनी से प्रभावित हो कर सगाई पक्की कर देते हैं।

गिरीश जी घर आ कर राजेश से भी नलिनी के विषय में पूछते हैं और राजेश भी साधारण उसकी बहुत प्रशंसा करता है पर समझ नहीं पाता कि पिताजी यह सब उससे क्यों पूछ रहे हैं। पूछने पर पिता बता देते हैं कि उसी के साथ उसकी सगाई कर दी गयी है। पिता के शब्द सुनकर राजेश का चेहरा उतर गया हिचकते हुये बोला "पिताजी मैं नहीं करूँगा यह शादी। आपने मुझसे पूछा क्यों नहीं।"

राजेश का इतना कहना था कि पिता गिरीश क्रोधित हो उठे और राजेश को विवश हो कर बताना पड़ा कि सब तरह ठीक होते हुए भी वह कालेज में लड़कों की एक हंसी-दिल्लगी का केन्द्र बनी है। अपने प्रति वह बेखबर है। फिर उसकी अपनी सहपाठिनी शशी है। उसका विवाह यदि होगा तो उसी के साथ। उसने शशी को यही वचन दिया है। गिरीश जी के पैरों के नीचे से भूमि खिसक जाती है। एक पुत्र की हठ और दूसरी ओर रामबाबू को दिया गया वचन!! फिर नलिनी का भाग्य जीवन आईना !!! राजेश किसी भी तरह राजी नहीं होता और मृत्यु की भी धमकी देता है। अन्त में गिरीश जी को प्रसङ्गवश कुछ न कुछ नलिनी पर छोटे मोटे दोषा-रोपण के साथ रामबाबू के घर सगाई का सामान वापिस लौटाते हुये कहलाना पड़ता है कि नलिनी की सगाई राजेश से नहीं हो सकती वह विवश हैं। यह समाचार पाते ही रामबाबू बेहोश हो जाते हैं और माँ की तो दशा ही विचित्र है "हाय! अब क्या होगा मेरी बेटी को अब कौन अपनायेगा। समाज में वह कल अभागिन कही जायेगी ··· ········ ··हाय क्या मेरी बेटी अब अविवाहित ही रहेगी क्या मैं उसे सूनी माँग ही छोड़ जाऊँगी ··· ·· ···"कहती हुयी बेहोश हो जाती है और पिता अपने राजपूत कुल को भला बुरा कहते विलाप करते हैं जिसमें एक बार सगाई टूटने के पश्चात् लड़की का विवाह होना असाध्य कार्य हो जाता है।

और नलिनी········ ·· किंकर्त्तव्य विमूढ़ बनी मूर्तिवत खड़ी है। रह२ कर फिल्म राजहठ के वे शब्द उसके कान में गूंज रहे हैं "जिसकी माँग रह गयी सूनी जहर है उसका जीना"···· ···

---

है क्या आज कल हाथ तंग हो गया है ।"

वकील रामबाबू को क्रोध तो इतना आया कि कह दें "जा २ अभी तो इतनी शक्ति है कि तुझ जैसों को गिरवी रखलूँ" पर पत्नि का चेहरा याद आ गया बोले, 'नहीं भैय्या ईश्वर की कृपा से ऐसी तो कोई बात नहीं है। मैं अपनी नलिनी को आपके घर की दासी बनाना चाहता हूँ। आपने देखी तो होगी ही बी० ए० में पढ़ रही है अपने राजेश के साथ ।"

"अच्छा २ विचार तो बुरा नहीं है। हाँ तो बेटी नलिनी देखने में तो ठीक होगी ही ?" गिरीश जी ने पहला प्रश्न किया ।

"हाँ भाई साहब मेरे लिये तो अच्छी ही ही नहीं बहुत अच्छी है। भला किसी को अपने बेटा-बेटी भी कुरूप लगे हैं !"

"और अतिरिक्त विशेषतायें तो आजकल की लड़कियों में होती है और मैं सोचता हूँ कि नलिनी भी उनसे अछूती नहीं रही होगी" ये था "लक्ष्मीपति" का दूसरा प्रश्न ।

प्रश्न द्विअर्थी था जिससे पहले तो राम बाबू कुछ चौंके पर तुरन्त ही उनकी समझ में आ गया और बोले:-

"वैसे तो बेटी नलिनी कालेज के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेती है। एन. सी. सी. में भी है, नृत्य-कला, संगीत-कला में भी चतुर है तथा कालेज की विभिन्न समितिओं की एक मान्य सदस्या के रूप में उसका नाम है। फिर आपको तो यह सब मुझसे पूछना ही नहीं चाहिये स्वयं राजेश बेटा ही बता देगा कि नलिनी कैसी लड़की है ।"

गिरीशजी आगामी रविवार को घर आ कर लड़की देखने का आश्वासन दे रामबाबू से विदा हुए रामबाबू मन में प्रसन्न हो रहे थे कि चलो कुछ आशा तो हुयी। नलिनी की माँ रोज मुझसे झगड़ा किया करती थी आज सुनेगी तो खुश हो जायेगी। यही सब सोचते२ घर पहुँचे और पत्नि को सारी कथा कह सुनाई। माता भी प्रसन्न हुयी कि चलो आज क्रोधित होने से मेरी बेटी का भाग्य तो खुला। इतने में नलिनी अपने ही विचारों में खोयी आयी और माता भावावेश में बेटी को छाती से चिपटा उसका मुख चूमने लगी "बेटी अब तुझे देखकर मुझे वास्तविक प्रसन्नता हो रही है। ईश्वर करे तू जहाँ भी जाये सुखी रहे ।"

और इधर नलिनी सोच रही थी कि आज माँ को हो क्या गया है। वह पूछ ही बैठी, "माँ क्या बात है मैं कहाँ जा रही हूँ ? और फिर आज मैं तुम्हारी प्रसन्नता का करण कैसे बनी ? मुझमें ऐसी क्या विशेषता आ गयी ?"

बेटी के इन भोले प्रश्नों को सुनकर माँ खिल उठी और उसके माथे को चूम कर बोली, "मेरी बेटी उस घर की बहू बनने जा रही है जो नगर में सबसे अधिक धनी-मानी माना जाता है। अब मैं सुख की साँस ले सकूँगी ।"

"माँ तुम क्या कह रही हो मैं विवाह अभी नहीं करूँगी अभी तो मैं पढ़ ही रही हूँ फिर तुम्हें क्या मैं भारी पड़ रही हूँ।" कह कर नलिनि सुबक पड़ी कि माँ ने झिड़कना शुरू किया –

"चल पगली ! कहीं लड़कियाँ भी भारी पड़ी हैं पर तू सूनी माँग भी तो नहीं रह सकती। हमें समाज में रहना है जहाँ लड़की की सूनी माँग कलंक के समान समझी जाती है ।"

नलिनी सिहर उठी इन शब्दों से और सूनी माँग ......कलंक ... ..........समाज...... कहती भागती, आँसु गिराती कमरे में पलंग पर जा पड़ी ।

# दो दिन पश्चात–

आज रविवार है । माँ सुबह से ही घर की सफाई करने को बार २ आदेश दे रही है । बेचारी नलिनी दो दिन पहले की बात प्रायः भूल ही चुकी है और सरल स्वभाव से माँ की आज्ञा पालन करते२ माँ से पूछ ही बैठती है–

"माँ आज क्या कोई मेहमान आने वाला है जो इतनी सफाई करा रही हो, फिर अपना घर कौन सा गन्दा रहता है जो आज ही उसे इतना सजाने की आवश्यकता आ पड़ी है ।"

माँ मुस्करा भर देती है तथा नलिनी उत्तर न पा पुनः अपने कार्य में रत हो जाती है । सबकुछ कर लेने के पश्चात् जैसे ही वह चैन की साँस लेती है कि दरवाजे की घन्टी बजती है और माँ "आ गये" कह कर पति को आवाज देती है गिरीश-जी नलिनी को बुलवाते हैं , व नलिनी से प्रभावित हो कर सगाई पक्की कर देते हैं ।

गिरीश जी घर आ कर राजेश से भी नलिनी के विषय में पूछते हैं और राजेश भी साधारण उसकी बहुत प्रशंसा करता है पर समझ नहीं पाता कि पिताजी यह सब उससे क्यों पूछ रहे हैं । पूछने पर पिता बता देते हैं कि उसी के साथ उसकी सगाई कर दी गयी है । पिता के शब्द सुनकर राजेश का चेहरा उतर गया हिचकते हुये बोला "पिताजी मैं नहीं करूँगा यह शादी । आपने मुझसे पूछा क्यों नही ।"

राजेश का इतना कहना था कि पिता गिरीश क्रोधित हो उठे और राजेश को विवश हो कर बताना पड़ा कि सब तरह ठीक होते हुए भी वह कालेज में लड़कों की एक हसी-दिल्लगी का केन्द्र बनी है । अपने प्रति वह बेखबर है । फिर उसकी अपनी सहपाठिनी शशी है । उसका विवाह यदि होगा तो उसी के साथ । उसने शशी को यही वचन दिया है । गिरीश जी के पैरों के नीचे से भूमि खिसक जाती है । एक पुत्र की हठ और दूसरी ओर रामबाबू को दिया गया वचन !! फिर नलिनी का भाग्य जीवन आईना !!! राजेश किसी भी तरह राजी नही होता और मृत्यु की भी धमकी देता है । अन्त में गिरीश जी को प्रसङ्गवश कुछ न कुछ नलिनी पर छोटे मोटे दोषा-रोपण के साथ रामबाबू के घर सगाई का सामान वापिस लौटाते हुये कहलाना पड़ता है कि नलिनी की सगाई राजेश से नहीं हो सकती वह विवश हैं । यह समाचार पाते ही रामबाबू बेहोश हो जाते हैं और माँ की तो दशा ही विचित्र है "हाय ! अब क्या होगा मेरी बेटी को अब कौन अपनायेगा । समाज में वह कल अभागिन कही जायेगी ··· ········· ···हाय क्या मेरी बेटी अब अविवाहित ही रहेगी क्या मैं उसे सूनी माँग ही छोड़ जाऊँगी ··· ·· ···"कहती हुयी बेहोश हो जाती है और पिता अपने राजपूत कुल को भला बुरा कहते विलाप करते हैं जिसमें एक बार सगाई टूटने के पश्चात् लड़की का विवाह होना असाध्य कार्य हो जाता है ।

और नलिनी········ ·· किंकर्त्तव्य विमूढ़ बनी मूर्तिवत खड़ी है । रह२ कर फिल्म राजहठ के वे शब्द उसके कान में गूंज रहे हैं "जिसकी माँग रह गयी सूनी जहर है उसका जीना"······

---

# ❋ रुबाइयाँ ❋

( श्री 'दमन' )

मुस्कराहट को तेरी लोग सुबह कहते हैं
तेरी पलकों में चाँदनी जगाये रहते हैं
अपने अन्दाज़ का मरहम उन घावों पर रख दे
प्यार की टीस जो हर रोज़ नई सहते हैं

ये प्यार के आँसू तेरे लिये
दिल की हर तड़पन तेरे लिये
ले चाह मिलन की दो राहे पर
मैं खड़ा रहूँगा तेरे लिये

दुनियाँ से किनारा कर लूँगा
अपने दिल को बहला लूँगा
जो तू है तो है मेरी दुनियाँ
मैं सारी खुशियाँ पा लूँगा

प्यार का नाम लूँ तो आग सी लग जाती है
सोच पाऊँ मैं क्या बस आँख ये भर आती है
दिल की एक हद को भी लाँघ मैं बढ़ा लेकिन
जब भी वह आती है, इल्ज़ाम नया लाती है

मिली न चोट मगर आँह फिर भी मिल के रही
देखा न ख्वाब मगर नींद मेरी उड़के रही
जिगर ने पा लिया बैचेन कुछ असर ऐसा
किसी तस्वीर पर मेरी नज़र गड़ के रही

मेरा आकाश छीन लो, न लो मेरी धरती
सितारे, चाँद नहीं, धूल में मेरी हस्ती
इसी जमीं पर अपने प्यार का जला दीपक
रहूँ जलता, कहूँ हँसता-'यही मेरी बस्ती'

# 'आखिर इस दर्द की दवा क्या है'

( शेर शायरी पर आधारित स्केच )

—श्री भगवती प्रसाद

वे एक रोज़ अचानक मुझसे ख्यालों में आ मिले। उस वक्त मेरी हालत परेशान थी। 'आहों' की लम्बी श्वास छोड़ता हुआ मैं उदास था, आँखों में पानी लिये था। अज्ञात साहब ने देखा और फौरन मेरे दोनों कंधों को अपने हाथों में थामते हुए बोले- 'आह क्यों बार बार भरता है; सच बता किसको याद करता है ?' मैं याद किसे करूँ अज्ञात साहब। कौन है जिसको मैं अपना समझूँ, कोई मुझे समझे-मैंने कहा। हाल ही मेरी एक हज़रत से मुलाक़ात हुई और जैसा कुछ सामने आया, उसी पर गौर कर रहा था। मैंने उनसे कह दिया था कि आप आदमी हैं ! जाहिल हैं !! और वे तब बिगड़ उठे थे !!!

शायद मैं आपको भी यकीन दिलाना चाहूँ कि जाहिल नाम दुनियाँ में आदमी के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है तो आप कतई नहीं मानेंगे। जरूर आप भी दो गाली देकर मुझे मार डालना चाहेंगे। अगर ऐसा नहीं तो मुझसे खफा हो जायेंगे या नहीं तो 'मुँह फेर लेंगे' व कभी मुझे मुँह नहीं लगाना चाहेंगे। मीर दर्द साहब के उस ख्याल के मुताबिक तब मैं सोचने लगूँगा- 'हरचन्द आईना हूँ पर इतना हूँ ना कबूल; मुँह फेर लें वो जिसके मुझे रूबरू करें'

यह सब इसलिये कि मेरी बात एक तरह से आपकी शान-शौकत, इज्जत व ऊँचे दर्जे को नेक नियत पर एक तोहमत है, जो आप कभी बर्दाशत नहीं करना चाहते। बस वे महाशय भी जाहिल नाम आदमी के लिये सुनते आपे के बाहर हो गये। कुछ भी गुस्सा न पी सके। थोड़ा भी समझ काम में न ली जिससे कि मेरे मन का काँटा दूर हो सके, बल्कि जो आपने कर दिखाया वह मेरे कहने से कई गुना ज्यादा था। मैं तो 'नसीम साहब' की तरह असलियत बयान करना चाहता था-'शमा ने आग रखी सर पे कसम खाने को; बा-खुदा मैंने जलाया नहीं परवाने को' लेकिन दिल की बात ज़बान पर आये-आये इतने तो उन्होंने मुझे काफी बुरा-भला कहते हुए मेरी आज की जिन्दगी तो क्या पिछली दस साल की जिन्दगी छिछालेदर पर उतर आये। मैं तो क्या इस हंगामे में मेरे घर-रिश्ते वालों तक को शरीक कर उन्होंने अपनी एक खामीं पर मुझे हजारों खामियों में बैठा देखने की ठान ली।

बस यही एक नुक्ता है जो आदमी के दिल दिमाग में होते हुए भी उसको दिखाई नहीं देता है और वह अपने आप में खोया हुआ, बाहरी दिखावे में अपनी एक कमजोरी को छिपाने की ग़रज से एक के बाद एक गलती करता चला जाता है, कमजोरी पर कमजोरी लादता चला जाता है और जब भी किसी की सच्ची बात

# ❋ रुबाइयाँ ❋

( श्री 'दमन' )

मुस्कराहट को तेरी लोग सुबह कहते हैं
तेरी पलकों में चाँदनी जगाये रहते हैं
अपने अन्दाज़ का मरहम उन घावों पर रख दे
प्यार की टीस जो हर रोज़ नई सहते हैं

ये प्यार के आँसू तेरे लिये
दिल की हर तड़पन तेरे लिये
ले चाह मिलन की दो राहे पर
मैं खड़ा रहूँगा तेरे लिये

दुनियाँ से किनारा कर लूँगा
अपने दिल को बहला लूँगा
जो तू है तो है मेरी दुनियाँ
मैं सारी खुशियाँ पा लूँगा

प्यार का नाम लूँ तो आग सी लग जाती है
सोच पाऊँ मैं क्या बस आँख ये भर आती है
दिल की एक हद को भी लाँघ मैं बढ़ा लेकिन
जब भी वह आती है, इल्ज़ाम नया लाती है

मिली न चोट मगर आँह फिर भी मिल के रही
देखा न ख्वाब मगर नींद मेरी उड़के रही
जिगर ने पा लिया बैचेन कुछ असर ऐसा
किसी तस्वीर पर मेरी नज़र गड़ के रही

मेरा आकाश छीन लो, न लो मेरी धरती
सितारे, चाँद नहीं, धूल में मेरी हस्ती
इसी जमीं पर अपने प्यार का जला दीपक
रहूँ जलता, कहूँ हँसता-'यही मेरी बस्ती'

# ❀ रुबाइयां ❀

( श्री धर्म बीरसिंह "बीर" )

मुबारक हो भारत के शूरवीरों को जिनकी बदौलत हम आजाद हुए हैं
मुबारक हो अपने देश को जिसमें हम सब मिल आबाद हुए हैं
मुबारक हो जम्हूरी हुकूमत को जिसमें हम सब शाद हुए हैं
मुबारक हो तिरंगे झंडे को जिसे लहराने में हम उस्ताद हुए हैं

★

आजाद देश के वासी हैं हम दुश्मन से अब डरना क्या
देश के लिये मरना है तो फिर नाम गुलामी करना क्या
कोई बम या तोप दिखाये उससे हमको डरना क्या
बुज़दिल तो हर बार मरेगा शूरवीर का मरना क्या

★

सभी को है जानप्यारी मौत कोई नहीं चाहता है
मरकर जिसका नाम है जिन्दा, वही मौत को भी मारता है
मरने जीने की है दो बातें लेकिन 'बीर' तो एक जानता है
खुद को जो मिटा देगा एक दिन वही मौत को भी जीतता है

★

# 'कर्त्तव्य'

श्री भगवान सिंह यादव *

उसके पति को छुट्टी आये डेढ़ वर्ष हो गया है। कई दिनों से पत्र में उसने शीघ्र आने का आश्वासन दिया लेकिन अभी तक नहीं आया, इसी विरह में शान्ति व्याकुल हो एक टक आकाश को निहार रही है, अपने मन में दुःख की एक ज्वाला लिये बैठी है।

रघुवीर ने कई बार छुट्टी का प्रार्थनापत्र दिया पर कर्त्तव्य की पुकार ने हरबार उसको रोक दिया। इसबार रघुवीर को शान्ति की बीमारी का तार मिला, वह कमान्डेन्ट साहब के सामने पेश हुआ और उसे एक महिने की छुट्टी मिल गई। वह खुशी-खुशी घर आ पहुँचा।

रघुवीर को छुट्टी में घर आया देख कर शान्ति व उसके परिवार वालों में अपार हर्ष छा गया। रघवीर भी अपने परिवार से मिलकर बहुत प्रसन्न था। दिन आनन्द से व्यतीत होने लगे.

देखते ही देखते महिने भर की लम्बी अवधि मानो पलक झंपते ही बीत गई। जाने की तैयारी की जाने लगी।

आज शान्ति उदास है। रघवीर के जाने का दिन है। सबके चेहरों पर गहन चिन्ता के आत्र-भाव हैं। लेकिन रघुबीर का मुख मलिन नहीं, वह कर्त्तव्य को समझता है। बिस्तर बाँध कर चलने को तैयार हुआ। माँ को प्रणाम किया। रुँधे गले से माँ ने आशीर्वाद दिया पर आँखों में आँसू छलका लाई। रघुबीर दरवाजे तक बढ़ा उसकी भी आँखों में प्रेम के आँसू छलछला आये फिर भी जन्म भूमि की ममता उसको आगे बढ़ने के लिये आव्हान कर रही थी। कर्त्तव्य की इस प्रेरणा के आगे माँ की ममता को विवश हो जाना पड़ा।

बस स्टेण्ड पर पहुंचते ही गाड़ी मिल गई और वह पुनः अपने कर्त्तव्य में लीन हो गया.

---

—पं० नेहरू

कठिन और पेचीदा समस्यायें उपस्थित होने पर ही किसी राष्ट्र और उसकी जनता की परीक्षा होती है। आराम का जीवन तो कोई भी व्यक्ति बिता सकता है किन्तु परीक्षा के समय पर ही जनता की योग्यता या अयोग्यता सिद्ध होती है। हमारे देश वासियों ने हमेशा अपनी योग्यता का प्रमाण दिया है और महान कार्य करने में वे असफल नहीं हुए हैं। हमें उसी भावना, उसी आदर्श, उसी साहस, विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ व्यवहार करना चाहिये।

पं० नेहरू

# श्रद्धांजलि

( श्री सत्य नारायण सरोज )

त्याग, तपस्या औ वैराग्य का,
उपदेश देकर निज साथियों को,
प्रतिफल की पल भी परवाह न कर,
सीना दिखाया सदा गोलियों को।

भारत मां की खातिर वीरों—
प्राण गंवा जो त्याग किया
घर कुटुम्ब की ममता तज कर
परोकार का मार्ग लिया।

ऋणी तुम्हारी भारत माता,
ऋणी तुम्हारे हैं भाई,
एक निष्ठहो कार्य किया,
जागी भारत की तरूणाई।

आज नहीं "तुलसी" की वाणी
"सूर" का वह सौहार्द नहीं,
लिखें तुम्हारी याद में कुछ,
लेखनी में इतना जोर नहीं।

मार्ग तुम्हारा गौरव मय है
किन्तु बहुत ही विकटतम है,
फिर भी प्रेरणायें पा तुमसे—
उत्साह नहीं कर में कम है।

बलिदान किया अपने प्राणों का,
वतन की इज्जत रखने को,
देश बढ़ा है आज तुम्हें—
श्रद्धांजलि अर्पित करने को।

डायरी-का पन्ना-

# "इन्टरवल"

* श्री सागर मल

टन: एक बजा था । मैं दफ्तर में कुरसी से खड़ा हुआ । इन्टरवल का समय हो चुका था । काम तो काफी था फिर भी पेट में चूहे दौड़ रहे थे, घर जाकर खाना खाना जरूरी था । ज्यों ही कमरे से बाहर निकला, अर्दली ने २-३ पेपर्स हाथ में देते हुये कहा बाबूजी ये आपके हैं । मैंने कहा अन्दर टेबुल पर रखदो मैं खाना खाने जा रहा हूँ । इतना कह कर मैं जल्दी से सीढ़ियों से उतरा । पाँच मिनट हो चुके थे । साइकिल उठाई लेकिन ताला बन्द था चाबी ऊपर टेबुल पर ही रह गई थी । इधर उधर देखा, रतन को आवाज दी लेकिन वह भी बाबू लोगों की चाय लेने चला गया था । मजबूरन खुद को ही सीढ़ियों पर चढ़ कर चाबी का गुच्छा लाना पड़ा । वापस आया १-१० हो चुके थे । साईकल बरन्डे से नीचे उतारी ही थी कि सामने से आवाज आई "बाबूजी नमस्ते" "नमस्ते भाई कहिए क्या हाल है" कहता मैं साइकिल पर चढ़कर रवाना हुवा । उसने मुझे रोकते हुए कहा "बाबूजी सुनो तो सही ऐसी भी क्या जल्दी है ।" मैंने कहा "भई मैं जरा जल्दी में हूँ ।" उसने मेरी बात काटते हुए कहा-'पर सुनोगे भी कभी हमारी भी सुन लिया करो ।" आखिर मुझे साइकिल से उतरना ही पड़ा । मैंने कहा 'भई जल्दी कहो क्या कहना है ।' उसने कहना शुरू किया-बाबूजी मेरा एक काम है "मैं पहले जूनियर कैडर में बैठा था लेकिन फेल हो गया । बाद में मुझे फिर क्विज में बैठने को कहा था लेकिन मैं बीमार हो गया । मैंने अर्जी दी थी उसका जवाब मिला कि पहले जो क्विज में पास हो चुके हैं उनका जूनियर कैडर में नम्बर आएगा । फिर मैं एडज्यूटेन्ट साहब के पेश हुआ उन्होने भी यही कहा ।" मैंने जल्दी में कहा-"भई आप एक अर्जी सी. ओ. साहब को फिर दो जैसा होगा जबाब मिल जायगा, घबराओ नहीं ।" उसने कहा मुझे तो और भी कहना है सुनोगे भी वो मेरे सेन्ट्रल फंड का क्या हुआ ? "वह भी हो जावेगा" कहता हुवा मैं साइकिल पर रवाना हुवा । १-१५ हो चुके थे । मैं दो ही कदम चला था कि फस्ट बटालियन का एक सिपाही मिला । "बाबूजी नमस्ते" 'नमस्ते भई' मैंने कहा । उसने फिर कहा जरा सुनो तो वो मैंने लोन फण्ड की अर्जी दी थी । मैंने कहा भई मिल जावेगा । उसने फिर कहना शुरू किया अरे साहब सुनोगे भी जरा-मैंने सुना है कि वो रिजेक्ट हो गई है । मैंने कहा भई आप स्वयं की बटालियन में ही अप्लाई करो फिर हमारे यहां दूसरी बटालियन वालों को नहीं मिलता है । मैने कहा। और मैं जल्दी से घर रवाना हुवा । १-२० हो चुके थे । घर पहुंचा, खाना खाया, रवाना हुआ । रास्ते में एक मिले । "बाबूजी नमस्ते, मुझे फेमली क्वाटर नहीं मिला" । मैंने कहा-भई अर्जी देदो नम्बर आने पर मिल जायगा। वह कहने लगा साहब एक क्वाटर ले रखा है लेकिन वह मेरे नाम पर अलोट नहीं है । खाली था सो मैंने ओकुपाई कर लिया, आप जरा मेरे नाम अलोट करा देना । इसके लिये भई दफ्तर में जाकर अर्ज रिपोर्ट करो-मैंने कहा ।

दफ्तर पहुंच, साइकल स्टैन्ड पर रख कर

मैं सीढ़ियां चढ़ने ही लगा था कि दो महाशय एक साथ मिले- "बाबूजी नमस्ते" कह कर पहले ने कहा- "बाबूजी आप ऊपर जा रहे हैं जरा दफ्तर से मालूम करके बताना कि मेरा जी. पी. एफ. एडवान्स निकल गया क्या। मैं आकर ले जाऊं"। मैंने कहा भाई मुझे काम है आप ही आकर पूछलो। उसने फिर कहा "बाबूजी जरा आप ही बता देना जी मैं नीचे ही खड़ा हूँ।" मैं ऊपर चढ़ने लगा तो दूसरे ने रोकते हुए कहा- "बाबुजी साडा भी जून दा टीया देखना जी असी इत्थे ही खड़े हैं।" मैं बिना कुछ जवाब दिए डबल सीढ़ियां लांघता हुआ टाइप पर आ बैठा। १-४५ हो चुके थे। मुझे खाना खाने में सिर्फ १० मिनट लगे थे बाकी समय नमस्ते के जवाब में।

* गद्यगीत—

# "प्रश्न"

—श्री सुरेश शर्मा 'अकेला'

मेरी अब उससे केवल जान पहचान है। कभी देखने-भालने, कहने-सुनने व मिलने जुलने के क्रम में कितने स्वपन, कितने सुख, कितने प्रण थे हमारी भावना में। तब एक ही प्रश्न हमारे मनों में था-क्या हम समाज के बन्धनों को तोड़ कर कभी पवित्र बन्धन में बंधकर एक हो सकते हैं ? प्रश्न गुंथता ही गया पर उत्तर ना मिला।

एक दिन उसने यकायक मुंह मोड़ लिया। वह पराई हो गई, विवाहित हो गई। वह समाज से जीत गई। मुझे यह सांसारिक जीवन तब एक प्रकार से छलनाही लगा। वह अपरिचित सा लगने लगी। मुझे लगा जैसे प्राणी मात्र के लिये उसके हृदय से प्यार, करूणा व निस्वार्थ भाव छिन गये हों।

आज अतीत का मुझसे एक ही प्रश्न है-प्रेम क्या है, आदर्श क्या है, जीवन क्या है ? मैं मौन हूँ।

---

स्केच—

# ❀ नेफा ❀

श्री श्याम सुन्दर त्रिवेदी

... में लीन रामू किसी उधेड़ बुन में टैगोर मार्ग पर चला जा रहा था। उसे मार्ग के आवागमन का किन्चित भी भास न था कि इसी बीच वह सामने मिलट्री की जीप से टकराते से बाल २ बचा। अन्दर बैठे मेजर सा० कह उठे "देखो मिस्टर सामने देखकर चलने की कोशिश करो।" रामू अवाक सा रह गया सारा शरीर सिहर उठा। कपकपाते स्वर में उत्तर दिया "क्षमा करें।" रामू के सुडौल शरीर पर एक नजर डालते हुये मेजर सा. ने प्रश्न किया "क्या काम करते हो।" पढ़ाई समाप्त कर ली है, अब किसी नौकरी की खोज में हूँ रामू ने कहा। मिलट्री में भर्ती होना चाहते हो? सा. ने फिर प्रश्न किया। रामू ने बिना किसी संकोच के 'हां' कर दी। मेजर सा. ने उसी समय जीप में बिठा लिया व भर्ती केम्प में ले आये। रामू की योग्यता व मेडीकल जाँच आदि के पश्चात रामू को महू भेज दिया गया।

महू पहुंचने पर उसने पिता को पत्र लिखा। ...ा ने स्वयं दूसरी लड़ाई में कुछ समय के लिये कार्य किया था इस कारण उन्होंने इसमें कोई आपत्ती नही उठाई परन्तु रामू की माँ व बहिन काफी व्यथित हो उठी और उसकी सहपाठिनी तनुजा भी जैसे ही वह इस बात से अवगत हुई।

कुछ ही समय बाद रामू का पत्र आया कि उसकी बटालियन फ्रन्ट लाइन पर रक्षा कार्य के लिये प्रस्थान कर रही है। वह स्वयं भी प्रस्थान करेगा क्योंकि हाल ही में एक भारी हमले ने उसके भारत देश को चुनौती दी है, देश के हर नागरिक के साहस को ललकारा है। पत्र में अधिक मात्रा में जोश था व जीतकर लौट आने का पूरा आश्वासन था।

इस पत्र ने रामू की माता को और भी व्यथित कर दिया व दिन रात ईश्वर से उसके शुभ की कामना करती। उसकी बहन सरला भी रात दिन चिन्तित रहती। एक दिन सरला ने कॉलेज में उसकी सहेलियों से रेडियो की खबर बताते हुए सुना कि भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में घमासान युद्ध जारी है। जिसमें उसका भाई भी सम्मिलत होकर काम आया।

घर आते ही सरला ने मां को समाचार सुनाया। आंसुओं की धारा बह निकली। पिता ने दोनों को समझाया "देखो सरला की मां लोगों की सुनी सुनाई बातों पर हमें बिलकुल विश्वास नहीं करना चाहिये जब तक कि सरकारी सूत्रों द्वारा कोई समाचार लिखित में हमें न मिले" लड़ाई में रामू लापता भी हो सकता है। तुम सभी व्यर्थ परेशान हो रहे हो। यदि रामू देश के काम भी आया तो हमें आंसू नहीं निकालना चाहिये अरे वह तो वीर गति को प्राप्त हुआ समझो। जननी जन्म भूमि की रक्षा हेतु जो प्राण न्यौछावर कर दे उससे बढ़कर इस संसार में कौन महान् हो सकता है। तुम्हारे आंसू उसकी आतमा को शान्ती नहीं पहुंचा सकते।

रात्रि के १० बजे थे किसी ने दरवाजा खटखटाया सरला दरवाजे तक पहुंची उसे कुछ जानी पहचानी आवाज़ सुनाई दी। दरवाजा खोलते ही सरला खुशी से चीख उठी। भैया! कहकर रामू से लिपट गई। रामू अन्दर आया माता पिता को प्रणाम किया और

चारपाई पर बैठ गया। उसके पिताजी ने कहा "बेटा तेरी मां व सरला तो तुझे इस दुनिया में हो नहीं मानते थे।" रामू ने हंसते हुये कहा इसमें क्या बड़ी बात है। मातृ भूमि कभी २ हमारी परीक्षा लेती है। पिताजी मैं १५ दिन की छुट्टी पर आया हूँ। वापस जाना है। "तनुजा मेरे जाने के बाद आई थी क्या सरला ?" कुछ दबी आवाज में रामू ने प्रश्न किया। सरला ने प्रत्युत्तर में हाँ भर सिर हिला दिया। इसी बीच सौभाग्यवश तनुजा ने भी प्रवेश किया व रामू को पा अत्यन्त पुलकित हो उठी। तनुजा ने रामू को सम्बोधित करते हुये कहा "इस वर्तमान संकट में तुम्हारा योग दान अतुलनीय है।" रामू नें प्रत्युत्तर में कहा "तो तुम भी कुछ दान करने का कष्ट करो।" तनुजा बोली आप ही बताइये मैं किस प्रकार राष्ट्र के काम आ सकती हूँ। रामू ने माँ से भी वही प्रश्न किया "मां, तुम भी सहायता करो।" मां क्या कहती उसका हृदय गद्‌गद् हो चुका था ऐसा ला( पाकर केवल इतना ही कह पाई- "एक लाल तो दे चुकी हूं। अब तो सरला बची है मेरे पास।"

सरला के लिये भी मेरे पास काम है रामू कहा और उसने मेका मोर्चे की पूरी कहानी ब( ही गंभीर मुद्रा में कह सुनाई। जवानों के लिये बर्फीले मौसम में, अभाव में मौजे ... बुनकर भेजने की योजना उसने सरला व तनुजा को सुझाई व और भी कई प्रकार राष्ट्र की सेवा के लिये उनमें जागृति पैदा की।

घर के भोजन का अभी पूरा स्वाद भी न आया था कि रामू के पन्द्रह दिन व्यतीत होने आये और उस मतवाले ने अपनी मंजिल नेफा की राह ली जहाँ से एक ही आवाज आ रही थी-

'अब करो लहू से स्नान रण में सूरमा;
दुश्मन है तेरा बेईमान रण में सूरमा'

* गीत–

# 'आज देश का ही चिन्तन है'

* श्री बाबूलाल शर्मा *

आज देश का ही चिन्तन है
कण कण इसके हित अर्पण है

जिस की धरती स्वर्ग इसी का
चलो ध्येय ले देश की रक्षा
शक्ति भुजाओं में है जिसकी-
वही राष्ट्र का तन मन धन है

आज देश का ही चिन्तन है
कण कण इसके हित अर्पण है

जिसके स्वर में घोष मुक्ति का
गीत त्याग का, देश भक्ति क(ा)
विनाश शत्रु का कर, वह देता
मानव को निर्भय जीवन (है)

आज देश का ही चिन्तन है
कण कण इसके हित अर्पण है

SMOKE
CAVANDERS & RED & WHITE
DISTRIBUTORS
AGGARWAL STORE
Station Road, AJMER.
Phone No. 540